# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 23 June 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया है?

**(A) हनुमान सिंह राठौड़**
(B) सुधा शर्मा
(C) विनय सिंह राठौड़
(D) इनमें से कोई नही

👁 राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव किया गया है. राज्य सरकार ने समिति की सिफारिशों के आधार पर हनुमान सिंह राठौड़ को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है.
👁 हनुमान सिंह राठौड़ का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है.
👁 इस अवधि में वे बोर्ड की प्रशासनिक और शैक्षणिक गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे.

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## Yesterday Revision

01. भारतीय परम्परा और आयुर्वेद आधारित चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए मोकलावास (जोधपुर) में देश का पहला पंचगव्य चिकित्सा पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

02. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 19 जून, 2026 को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित 'व्यापारिक सम्मेलन एवं महोत्सव' के दौरान 'ONDC डिजिदुकान' (ONDC DigiDukaan) ऐप को आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है।

03.राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राज्य स्तरीय आयोजन सिरोही के आबूराज में किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में शामिल हुए

04. भारतीय रेलवे ने राजस्थान और बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक नई राहत की घोषणा की है। 09711 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया गया है, जो खातीपुरा और दरभंगा के बीच चलेगी।

05. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा सचिवालय में स्थानाभाव को देखते हुए जयपुर के लालकोठी में प्रस्तावित कर्मयोगी भवन स्थापना की जाएगी RSRDC को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भकरने के निर्देश दिए।

## 01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 21 जून को जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर अत्याधुनिक मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन किया।

(B) इस टर्मिनल को 305 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है




**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं    (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है    (D) दोनों असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

👁️ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 21 जून को जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर 205 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन किया।

👁️मेगा कोचिंग टर्मिनल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निरीक्षण प्रणाली और आधुनिक रखरखाव सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे रेलों के रखरखाव की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान के 2 जिलों में रेयर अर्थ एलिमेंट्स खोज को मंजूरी दी गई है

(2) बालोतरा जिले के पचपदरा व शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम नवातला एवं देवीगढ़ में भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया जाएगा

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के 2 जिलों में रेयर अर्थ एलिमेंट्स खोज को मंजूरी
- रेयर अर्थ मिनरल्स (Rare Earth Elements): बालोतरा जिले के पचपदरा व शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम नवातला एवं देवीगढ़ में 207.63 वर्ग किमी के विस्तृत क्षेत्र में रेयर अर्थ तत्वों के एक्सप्लोरेशन (खोज) की मंजूरी दी गई है।
- रेयर अर्थ एलिमेंट्स (REEs) में 17 महत्वपूर्ण तत्वों का समूह (जैसे नियोडिमियम, लैंथेनम और सेरियम) शामिल होता है। ये आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों (EV), नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा विनिर्माण (डिफेंस) के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- राजस्थान सरकार द्वारा कुल 207.63 वर्ग किलोमीटर के विस्तृत भू-भाग में भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (exploration) को मंजूरी दी गई है।

03. राजस्थान में शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए सरकार कितनी विशेष वित्तीय सहायता देगी?

(A) ₹400 करोड़

(B) ₹500 करोड़

(C) ₹200 करोड़

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान बजट में शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों को संवारने का बड़ा ऐलान हुआ है. हवेलियों की सुरक्षा, जीर्णोद्धार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुल ₹200 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।
- झुंझुनू, सीकर और चुरू की 660 से अधिक हवेलियों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए सरकार विशेष वित्तीय सहायता देगी
इमारतों की मूल ऐतिहासिक सुंदरता और कला (फ्रेस्को पेंटिंग) को नुकसान पहुँचाए बिना उनका नवीनीकरण किया जा रहा है।
- इन हवेलियों को हेरिटेज होटलों, होमस्टे (Homestay), कला दीर्घाओं और सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष न्यायालय स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है।

(2) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

17 जून 2026 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई और आतंकवाद/राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष न्यायालय स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है।

स्थापना का मुख्य उद्देश्य: आतंकवाद रोधी कानूनों के तहत लम्बित मामलों और NIA द्वारा जांच किए जा रहे मामलों का शीघ्र निस्तारण कर न्याय में हो रही देरी को रोकना है।

केंद्र सरकार प्रत्येक विशेष न्यायालय के लिए गैर-आवर्ती व्यय हेतु एक करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान और आवर्ती व्यय हेतु प्रति वर्ष एक करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान करेगी

05. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस देश के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी को उपहार स्वरूप राजस्थान की प्रसिद्ध थेवा कला से बने हाथ से तैयार कफलिंक भेंट किए?

(A) सिंगापुर

(B) मलेशिया

(C) स्लोवाकिया

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- 15 से 17 जून 2026 तक फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर स्लोवाकिया पहुंचे
- स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के लिए प्रधानमंत्री मोदी विशेष भारतीय हस्तशिल्प उपहार लेकर पहुंचे. इनमें राजस्थान की प्रसिद्ध थेवा कला से बने हाथ से तैयार कफलिंक, औरंगाबाद की मशहूर हिमरू सिल्क टाई और पॉकेट स्क्वायर तथा पीतल से बना डोकरा एंटीलोप सेट शामिल था.
- थेवा कला राजस्थान के प्रतापगढ़ की सदियों पुरानी शिल्प परंपरा है, जिसमें रंगीन कांच पर सोने की बारीक नक्काशी की जाती है. यह कला अपनी खूबसूरती और जटिल डिजाइन के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है.

जयपुर, रविवार, 21 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-122

1. **ई-श्रम** पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा विशिष्ट नंबर प्रदान किया जाता है?
(A) परमानेंट लेबर नंबर
(B) यूनिवर्सल अकाउंट नंबर
(C) श्रमिक पहचान संख्या
(D) रोजगार सुरक्षा नंबर

B

2. **वर्ष** 2025-26 राज्य बजट घोषणा के क्रियान्वयन के क्रम में, आपदा प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कितने 'नवीन जिलों' में 'नागरिक सुरक्षा कोर' के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है?
(A) 5 (B) 6
(C) 8 (D) 10

C

3. **'राजस्थान** वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना' किस अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा वित्त पोषित है?
(A) जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी
(B) विश्व बैंक
(C) एएफडी, फ्रांस
(D) एशियाई विकास बैंक

C

4. **अंधेरी** मध्यम सिंचाई परियोजना' का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?
(A) बारां
(B) बीकानेर
(C) टोंक
(D) झालावाड़

A

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत डूंगरपुर जिले की उपज कौन सी है?
(A) आम
(B) मक्का
(C) धनिया
(D) कलौंजी

A

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राज्य स्तरीय आयोजन कहां किया गया?**

(A) आबूराज (सिरोही)

(B) आमेर (जयपुर)

(C) ब्रज (भरतपुर)

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine